सुविचार



मृत्यु अवश्यंभावी है। हर कोई इसे जानता है, लेकिन अधिकांश लोग इसे दिल से स्वीकार नहीं करते। यह कारण है कि मृत्यु जीवन की सबसे कठिन चुनौती है। - स्वामी दयानंद सरस्वती

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

**लखनऊ के प्रमुख समाचार**

- प्रेमिका के भाइयों ने युवक का गला ब्लेड से काटा, गंभीर II
- संयुक्त परिवार गुलदस्ता, आती खुशियों की महक III
- अब नया न पढ़ें, जो याद है उसे ही दोहराएं IV

लखनऊ, मंगलवार, 17 फरवरी 2026


**शहर में आज**



- शिया पीजी महाविद्यालय में यूथ फेस्ट में सांस्कृतिक कार्यक्रम- 10 :00 बजे से।
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मलिहाबाद स्थित रजवाड़ा मैरिज लॉन में 100 जोड़ों का विवाह- 11 :00 बजे से।
- जानकीपुरम पार्क सेक्टर-8 में सामुदायिक खेल कार्यक्रम- 12 :00 बजे।
- सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में नारी शक्ति पर राष्ट्र सेविका समिति अखिल भारतीय अधिकारी सीता के अक्का का संबोधन- 2 :00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# जेईई मेन में ओजस सिंघल बने लखनऊ टॉपर, सीएमएस के विद्यार्थी भी छाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


- तेजस राज दूसरे और यशस्व मिश्रा रहे दूसरे स्थान पर

**अमृत विचार:** एनटीए ने इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई मेन-2026 सत्र-1 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा में देशभर के छात्रों के साथ लखनऊ के मेधावियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। शहर के ओजस सिंघल ने 99.97 परसेंटाइल हासिल कर लखनऊ में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। तेजस राज ने 99.70 और यशस्व मिश्रा ने 98.37 परसेंटाइल अंक अर्जित किए।

इस वर्ष पहले सत्र की परीक्षा में 13.04 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें उपस्थिति 96.26 प्रतिशत रही। एनटीए के अनुसार देशभर में 12 छात्रों ने 100 परसेंटाइल प्राप्त किए हैं। इनमें सर्वाधिक तीन छात्र राजस्थान से हैं।

इस परीक्षा में सीएमएस के छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। असीएमएस के हेड कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि विद्यालय के 18 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित किया है। इनमें सीएमएस कानपुर रोड कैम्पस के छात्र तेजस राज ने सर्वाधिक 99.70 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया। अभी सभी परिणाम घोषित नहीं हुए हैं, इसलिए 99 परसेंटाइल से अधिक अंक पाने वाले छात्रों की संख्या और बढ़ने की संभावना है।

99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अन्य छात्रों में अनुज जैन, अर्जुन अग्रवाल, आशुतोष प्रताप सिंह, रिशित रायजादा, नितांत त्रिपाठी, अर्णव सिंह, मोहम्मद सैम सुल्तान, सिद्धिमा शुक्ला, शिखर, उत्सव यादव, आदित्य सिंह, संदर्भ मिश्रा, साक्ष्य वंश, मो. अली उमर और अभिनव सिंह शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 के सामान्य कटऑफ 93.10 परसेंटाइल की तुलना में अब तक सीएमएस के 33 छात्रों ने उससे अधिक अंक प्राप्त कर लिए हैं। विद्यालय की संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। वहीं प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के 'जय जगत सेक्शन' को दिया, जहां प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष निःशुल्क तैयारी कराई जाती है।




ओजस सिंघल।

### इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग करता चाहते हैं तेजस

- तेजस राज ने कहा कि वह आगे चलकर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को दिया। इसी प्रकार अलीगंज प्रथम कैम्पस के छात्र अभ्युदय सार्थक और भानु प्रकाश वर्मा ने भी शिक्षकों के सहयोग को अपनी उपलब्धि का आधार बताया।।



तेजस राज।



अनुज जैन। अभ्युदय सार्थक। भानु प्रकाश वर्मा। अर्जुन अग्रवाल।

# कूड़ा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देगा नगर निगम

## 300 करोड़ रुपये वित्तीय वर्ष 2026-27 बजट में प्रस्तावित

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**2278** करोड़ रुपये का बजट सदन में रखा जाएगा

**03** फरवरी को होगी नगर निगम सदन की बजट बैठक

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2026-27 में नगर निगम कूड़ा प्रबंधन और सड़कों पर सबसे अधिक ध्यान देगा। बजट में कूड़ा प्रबंधन के लिए करीब 300 करोड़ और सड़क निर्माण के लिए 326 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा गया है। नालों की सफाई के लिए पहले की तरह 15 करोड़ रुपये का ही प्रस्ताव है। करीब 2278 करोड़ का बजट पर 23 फरवरी को सदन में चर्चा की जाएगी। जनता के लिए राहत की बात यह है कि इस बार कोई नया टैक्स लगाने और पुराने टैक्स में बढ़ोतरी का प्रस्ताव नहीं है।

- कोई नया टैक्स नहीं, पुराने में कोई बढ़ोत्तरी भी नहीं

सड़क निर्माण के बजट में कोई खास बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि विस्तारित इलाके शामिल होने से नगर निगम का क्षेत्र काफी बढ़ गया है। सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण के लिए 326 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सीएम ग्रिड योजना के तहत सड़कों के निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपये अलग से खर्च किए जाएंगे। निगम के सामने सबसे बड़ी चुनौती पुराने निर्माण कार्यों का भुगतान है। बजट में 370 करोड़ रुपये पुराने दायित्वों के लिए रखे गए हैं। पूर्व में कराए गए कार्यों का भुगतान अब तक लंबित है। इसके अलावा कार्यदायी संस्थाओं को भुगतान की रकम में कटौती की गई है। पुनरीक्षित बजट में 130 करोड़ का प्रावधान था, जिसे घटाकर 100 करोड़ कर दिया गया है।

### वार्ड विकास निधि का बजट बढ़ेगा

- वार्ड विकास निधि का बजट एक बार फिर बढ़ाने की तैयारी है। पार्षदों की मांग पर बजट में वार्ड के लिए 40 लाख रुपये की धनराशि बढ़ाई जा सकती है। अभी वार्ड विकास निधि के तहत जीएसटी सहित कुल 2.10 करोड़ रुपये वार्डों के विकास के लिए मिलते हैं। अब यह धनराशि जीएसटी सहित 2.5 करोड़ रुपये की जाएगी।

### पार्कों के अनुरक्षण का बजट 42 करोड़

- नगर निगम ने पार्कों के अनुरक्षण का बजट 38.38 करोड़ से बढ़ाकर 42 करोड़ कर दिया है। पार्कों की रंगाई-पुताई पर 6 करोड़ खर्च होंगे। मार्ग प्रकाश के लिए 16 करोड़, स्ट्रीट लाइट मरम्मत के लिए 6 करोड़ और उपकरण खरीद के लिए 6.50 करोड़ रुपये का प्रावधान है। नए निर्माण कार्यों के लिए 7 करोड़ रखे गए हैं। भवन मरम्मत के लिए 5 करोड़, फ्लैट निर्माण के लिए 25 करोड़ और अहाना एनक्लेव की बहुमंजिली आवासीय योजना के लिए 40 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं।

### खाली कराई 9 करोड़ की जमीन

- नगर निगम ने सोमवार को सदर तहसील के ग्राम बस्तौली और सरोजनीनगर तहसील के ग्राम अमौसी में 9 करोड़ मूल्य की सरकारी जमीन खाली कराई है। ग्राम बस्तौली में कब्रिस्तान में दर्ज गाटा संख्या-99 की 0.177 हेक्टेयर भूमि पर कुछ लोग बाउंड्री निर्माण कर प्लॉटिंग कर रहे थे। शिकायत पर सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी संपत्ति रामेश्वर प्रसाद और तहसीलदार अरविंद पांडेय ने टीम भेजकर अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए। खाली कराई गई लगभग .100 हेक्टेयर भूमि की कीमत करीब 7 करोड़ रुपये है। इसी तरह सरोजनीनगर तहसील के ग्राम अमौसी में दो करोड़ मूल्य की सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाया। अमौसी गांव में गाटा संख्या 3133 पर 0.121 हेक्टेयर भूमि नवीन परती, गाटा 1947 पर 0.139 हेक्टेयर बंजर और गाटा 1639 पर 0.519 हेक्टेयर खलिहान दर्ज है।

### तंबाकू उत्पाद बेचने पर पांच लोगों पर जुर्माना

- नगर निगम ने सोमवार को गंदगी, पॉलीथिन और तंबाकू के खिलाफ अभियान चलाकर 27,500 रुपये जुर्माना वसूला। जोन-3 के सीतापुर रोड और आस-पास चलाए गए अभियान में गंदगी फैलाने पर सात चालान काटे और 4300 रुपये जमा कराया। प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर तीन चालान काटकर 2,000 रुपये जुर्माना वसूला। तंबाकू उत्पाद बेचने वाले पाचं दुकानदारों पर नियमों का उल्लंघन करने पर 21,200 रुपये का चालान किया। अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार गौतम, सुमित मिश्रा, पुष्कर सिंह पटेल, आकांक्षा गोस्वामी, प्रवर्तन दल-296 के कर्मचारी तथा क्षेत्रीय सुपरवाइजर उपस्थित रहे।





सर्दी कम होने के साथ गोमती नदी में बोटिंग करने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ने लगी है। सोमवार को लक्ष्मण मेला घाट पर जैक बोट से नदी में भ्रमण करता परिवार। अमृत विचार

## करंट से संविदा कर्मचारी झुलसा, भर्ती

**अमृत विचार, लखनऊ :** निविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री द्रेवेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि जानकीपुरम बिजली उपकेंद्र पर तैनात संविदा कर्मचारी करन कार्य के दौरान 11 केवी लाइन की चपेट में आकर झुलस गए। सहकर्मियों ने उन्हें केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। संगठन ने निःशुल्क उपचार की मांग की है। घटना की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने के साथ लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

## सिटी ब्रीफ

### अस्पताल में गंदगी पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने रविवार रात करीब 11 बजे महानगर स्थित भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय (बीआरडी) का निरीक्षण किया। वार्ड और इमरजेंसी में गंदगी मिलने पर कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी करने और जल्द सुधार के निर्देश दिए। महानिदेशक ने इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों से सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों ने वार्ड में मच्छर अधिक होने की शिकायत की। डीजी ने अस्पताल प्रभारी को मच्छर नियंत्रण के इंतजाम करने के निर्देश दिए। अन्य वार्डों का निरीक्षण कर साफ-सफाई, डॉक्टरों के राउंड और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मरीजों ने बताया कि सुबह-शाम नियमित राउंड हो रहे हैं। महानिदेशक ने बताया कि सीएमएस को अस्पताल की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। संसाधनों की जो भी कमी है, उसे शीघ्र पूरा कराया जाएगा।

### एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में लगी चार जांच मशीनें

**अमृत विचार, लखनऊ:** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के रेडियोडायग्नोसिस विभाग ने सोमवार को चार अत्याधुनिक इमेजिंग सिस्टम का शुभारंभ किया गया। इन नई सुविधाओं में डिजिटल एक्स-रे यूनिट, अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड, मोबाइल एक्स-रे यूनिट और कंप्यूटेड रेडियोग्राफी (सीआर) सिस्टम शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमन, रेडियोडायग्नोसिस विभाग की प्रमुख डॉ. अर्चना गुप्ता और ट्रॉमा विभाग के प्रमुख डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। डॉ. धीमन ने बताया कि इन आधुनिक जांच मशीनों से रोगियों की जांच और उपचार तथा प्रबंधन और अधिक सटीक और त्वरित होगा। उन्होंने विशेष रूप से मोबाइल एक्स-रे यूनिट का उल्लेख किया, जो गंभीर घायल रोगियों के लिए बिस्तर पर जांच की सुविधा प्रदान करेगी।

### कचरे और बदबू से व्यापारी परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** कपूरथला अलीगंज स्थित आरिफ चैम्बर 2, सहारा इंडिया भवन के व्यापारियों ने नगर निगम से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में कचरा जमा होने से बदबू और संक्रामक रोग फैलने के साथ आग लगने की संभावना जताते हुई कार्रवाई करने की मांग की है। आरिफ चैंबर 2 ऑनर्स शॉपकीपर्स एसोसिएशन ने महापौर, नगर आयुक्त, नगर विकास मंत्री सहित मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर समस्या के समाधान की मांग की है। पदाधिकारियों का कहना है कि कॉम्प्लेक्स के तीनों फ्लोर के कई हिस्सों में दुकानें खाली हैं, जहां लगातार कचरा जमा हो रहा है। कचरे से दुर्गंध एवं संक्रामक रोग फैलने के साथ आग लगने का खतरा बना रहता है। समस्या के समाधान के लिए नगर निगम जोन 3 कार्यालय के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई लेकिन उनका कहना है कि हमारे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। जबकि उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1959 के अनुच्छेद के अनुसार, नगर निगम की सार्वजनिक स्वास्थ्य व स्वच्छता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियम, 2016 के तहत कचरे का उचित संग्रह व निपटान अनिवार्य है।

## एलडीए 20 को लांच करेगा आईटी सिटी

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण सुल्तानपुर रोड स्थित आईटी सिटी योजना 20 फरवरी को लांच करेगा। योजना की शुरुआत सेक्टर-15, 16, 17 एवं 18 से होगी। यहां सबसे पहले लैंड पूलिंग नीति के तहत निशुल्क जमीन देने वाले किसानों को भूखंड दिए जाएंगे। प्राधिकरण ने धरातल के साथ भूखंडों का आवंटन करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर काम शुरू कर दिया है।

प्राधिकरण की आईटी सिटी 3,490 एकड़ क्षेत्रफल की योजना है। इसमें मोहनलालगंज तहसील के ग्राम बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, मोहारी कला, खुजौली और भटवारा की जमीन चिह्नित है।

लैंड पूलिंग, भूमि अर्जन, आपसी सहमति से क्रय के आधार पर करीब 2200 एकड़ भूमि जुटाई है। इस पर विकसित किए गए सेक्टर-15,16,17 व 18 में भूखंड आवंटित करके 20 फरवरी को योजना लांच की जाएंगी।

इन सेक्टरों में 27 जनवरी तक जिन भू-स्वामियों के लैंड पूलिंग के एग्रीमेंट निष्पादित हुए हैं उनके बीच इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में लॉटरी ड्रा कराकर 288 से 35 वर्गमीटर के भूखंड आवंटित किए जाएंगे। किसानों के बाद आम लोगों के लिए ऑनलाइन पंजीयन खोला जाएगा। भूखंड की कीमत लगभग 4 हजार रुपये प्रति वर्गफीट प्रस्तावित है।

# अब क्यूआर कोड स्कैन कर बुक करें लखनऊ मेट्रो का टिकट

## प्रबंध निदेशक ने किया शुभारंभ, वत्सल बरन ने लिया पहला टिकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** दिल्ली मेट्रो की तरह लखनऊ मेट्रो ने भी क्यूआर कोड से टिकट की व्यवस्था सोमवार से शुरू कर दी है। शुभारंभ हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने इसका शुभारंभ किया। वत्सल बरन क्यूआर से मेट्रो ट्रेन का टिकट लेने वाले पहले यात्री बने।

उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से समय बचेगा, यात्री घर बैठे ही मोबाइल एप से क्यूआर से टिकट बुक कर सकेंगे। टोकन आधारित टिकट व्यवस्था भी पहले की तरह जारी रहेगी। मैट्रो ट्रेन में एयरपोर्ट से मुंशी पुलिया के बीच नार्थ-साउथ कॉरीडोर पर 80 से 85 हजार यात्री रोज सफर करते हैं।

प्रबंध निदेशक ने कहा कि क्यूआर आधारित टिकटिंग प्रणाली स्मार्ट ट्रैवल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे यात्रियों को तेज, सरल और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिलेगा।

यात्रियों के समय की बचत होने के साथ ही कैशलेस सफर का आनंद वह ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि भविष्य में ''वन नेशन, वन कार्ड'' की तर्ज पर लखनऊ में भी जल्द एनसीएमसी कार्ड की सुविधा शुरू की जाएगी।





हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर क्यूआर आधारित टिकट प्रणाली का शुभारंभ करते यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार व अन्य। अमृत विचार

### इस तरह होगा प्रवेश और निकास

- नई प्रणाली के तहत यात्री लखनऊ मेट्रो के आधिकारिक मोबाइल एप, टिकट काउंटर और क्यूआर सपोर्टेड टिकट वेंडिंग मशीन के जरिए आसानी से क्यूआर टिकट प्राप्त कर सकेंगे। मोबाइल ऐप से टिकट बुक करने पर क्यूआर कोड डिजिटल रूप में फोन पर उपलब्ध होगा, जबकि टिकट काउंटर और मशीन से पेपर क्यूआर टिकट भी लिया जा सकेगा। यात्रियों को मेट्रो स्टेशन पर प्रवेश और निकास के समय ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन (एएफसी) गेट पर पीली पट्टी वाले स्कैनर पर क्यूआर टिकट स्कैन करना अनिवार्य होगा। मेट्रो प्रशासन ने सभी स्टेशनों पर क्यूआर सपोर्टेड टिकट वेंडिंग मशीनें स्थापित कर दी हैं, जिन पर यूपीआई के माध्यम से भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है।



क्यूआर टिकट लेने वाले पहले यात्री बने वत्सल बरन।

## नगर निगम कार्यालय में लगाया गया स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकबंधु राजनारायण संयुक्त अस्पताल और इंस्टा माहेश्वरी फाउंडेशन ने लालबाग स्थित नगर निगम जोन-एक कार्यालय में दो दिवसीय स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें महापौर सुषमा खर्कवाल ने स्वास्थ्य जांच कराई और घायलों-मरीजों का जीवन बचाने के लिए लोगों ने रक्तदान करने की अपील की। 301 लोगों ने पंजीकरण कराया और 201 लोगों के रक्त की जांच कर 180 को ब्लड ग्रुप बताया गया। छह लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को अल्पाहार, प्रमाणपत्र एवं डोनर कार्ड देकर सम्मानित किया गया। लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में नेत्र सर्जन डॉ. विनय कुमार वर्मा सहित डॉ. विवेक जोशी, एसपी उपाध्याय, राज कुमार पांडेय, डॉ. सुरभि रानी, डॉ. अफसर अहमद, एसके दीक्षित, नीतू भारती, चंदन, आशीष और अमित आदि के सहयोग से नगर निगम कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच एवं परामर्श दिया गया।

**राहत** | पीजीआई-एम्स भोपाल के शोध में दिखा स्टैटिन की अधिक खुराक लेने वाले मरीजों में तेजी से सुधार

# दिल को तंदुरुस्त कर रही कोलेस्ट्रॉल कम करने की दवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली स्टैटिन दवा की अधिक खुराक लेने वाले हृदय रोगियों में बाईपास सर्जरी के बाद अपेक्षाकृत तेजी से सुधार देखने को मिला है। शोध में पाया गया कि ऐसे मरीजों में सर्जरी के बाद दिल की पंपिंग क्षमता बेहतर रही, सूजन, ऑक्सीजन की कमी, अनियमित धड़कन और मांसपेशियों से जुड़े जोखिमों में कमी दर्ज की गई। साथ ही दिल को नुकसान पहुंचाने वाले बायोमार्कर का स्तर भी काफी कम पाया गया।

यह निष्कर्ष संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के 48 हृदय रोगियों पर किए गए संयुक्त अध्ययन में सामने आए हैं। इस शोध को अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका क्यूरियस जर्नल ऑफ मेडिकल साइंस ने मान्यता दी है।

पीजीआई के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. आदित्य कपूर ने बताया कि बाईपास सर्जरी के दौरान और बाद में हृदय की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचना एक सामान्य समस्या है। अध्ययन में 30 दिन से अधिक समय से स्टैटिन ले रहे 48 मरीजों को दो समूहों में बांटा गया। एक समूह को सर्जरी से सात दिन पहले दवा की अधिक खुराक और दूसरे को सामान्य (कम) खुराक दी गई। परिणामों में सामने आया कि अधिक मात्रा में स्टैटिन लेने वाले मरीजों में सर्जरी के बाद हृदय की मांसपेशियों को कम क्षति हुई और रिकवरी बेहतर रही। विशेषज्ञों का मानना है कि यह अध्ययन बाईपास सर्जरी से पूर्व दवा प्रबंधन की रणनीति को और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

शोध दल में डॉ. आदित्य कपूर के साथ डॉ. नवीन गर्ग, डॉ. एसके अग्रवाल, डॉ. सुदेश प्रजापति, डॉ. अदिति मोहन, डॉ. प्रभात तिवारी, डॉ. शांतनु पांडे, डॉ. बिपिन चंद्रा, डॉ. अंकित साहू और डॉ. रूपाली खन्ना सहित अन्य चिकित्सक शामिल रहे।

### पशु काटे या खरोंचे डॉक्टर को जरूर दिखाएं

- **अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी के प्रेसिडेंशियल एक्शन प्लान 2026 के अंतर्गत बालरोग विशेषज्ञों के लिए टीकाकरण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित रस्तोगी ने की। जनपद के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख सूत्रधार एवं राष्ट्रीय वैज्ञानिक संयोजक डॉ. जयदीप चौधरी ने प्रतिभागियों के टीकाकरण संबंधी विभिन्न सवालों का समाधान किया। उन्होंने बताया कि किसी भी स्तनधारी पशु के काटने या खरोंचने की स्थिति में चिकित्सकीय परामर्श लेना आवश्यक है ताकि रैबीज टीका और इम्युनोग्लोब्युलिन समय पर लगाया जा सके। आगरा के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आरएन शर्मा ने बताया कि फ्लू और टाइफाइड के टीके बेहद महत्वपूर्ण हैं, हालांकि ये अभी राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल नहीं हैं। वहीं, डॉ. विनय कुमार मित्तल ने स्पष्ट किया कि बीसीजी टीकाकरण के बाद बाएं हाथ पर निशान बनना सामान्य है और यदि बच्चा जन्म के समय यह टीका नहीं ले पाया हो तो पांच वर्ष की आयु तक लगाया जा सकता है। डॉ. उत्कर्ष बंसल ने जानकारी दी कि हेपेटाइटिस-ए और चिकन पॉक्स के टीके संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने के तुरंत बाद लगाए जाने से बीमारी से बचाव संभव है। यह दोनों टीके भी अभी राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल नहीं हैं। इसके अलावा, डॉ. सलमान खान ने बताया कि किशोरावस्था में प्रत्येक बच्चे को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) का टीका अवश्य लगवाना चाहिए, जो जननांग और मुख से संबंधित कई प्रकार के कैंसर से सुरक्षा प्रदान करता है।

# अनंत नगर का काम धीमा एजेंसियों को दिया नोटिस

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- जोन-3 के अधिशासी अभियंता ने दी चेतावनी
- धीमी प्रगति पर योजनाओं के कार्य प्रभावित

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अनंत नगर योजना के कार्यों की धीमी रफ्तार पर चार निर्माण एजेंसियों को नोटिस जारी किए गए हैं। कार्य में सुधार और तेजी न आई तो जुर्माना समेत अन्य कार्रवाई की चेतावनी दी है। संबंधित फर्मों के खिलाफ पूर्व में भी लापरवाही सामने आई थी।

एलडीए मोहान रोड पर 785 एकड़ क्षेत्रफल में अनंत नगर आवासीय योजना विकसित कर रहा है। कुल आठ सेक्टर की योजना में आकाश खंड, आलेख खंड, आशीष खंड, आभाष खंड, आलोक खंड, आदर्श खंड और आमोद खंड नाम दिए हैं। इसमें तीन चरणों में सेक्टर-1 आकाश खंड और सेक्टर-6 आदर्श खंड लांच करके 1302 भूखंड आवंटित किए हैं। इन सेक्टरों में विकास कार्य रणविजय सिंह कंस्ट्रक्शन, गायत्री कंस्ट्रक्शन, गायत्री डेवलपर्स और एमआर कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है। जोन-3 के अधिशासी अभियंता अजीत सिंह ने निरीक्षण किया तो इन एजेंसियों के ड्रेनेज, सीवर, सड़क, नाली, ह्यूम पाइप आदि कार्य धीमे मिले। इससे आवासीय योजना प्रभावित होगी और नये सेक्टर विकसित करने में देरी होगी। संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी करके कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं साथ ही कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## सिटी ब्रीफ

### निवेश के नाम पर दो लाख रुपये ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ:** ऑनलाइन निवेश पर मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने अलीगंज निवासी युवक से 2.08 लाख रुपये ठग लिए। त्रिवेणी नगर-2 निवासी शौर्य कमल मिश्र के अनुसार 25 दिसंबर 2025 की रात करीब नौ बजे टेलीग्राम के जरिए अज्ञात व्यक्तियों ने उनसे संपर्क किया। ऑनलाइन निवेश पर अधिक मुनाफा दिलाने का भरोसा दिलाकर आरोपियों ने अलग-अलग मदों में कुल 2,08,000 रुपये यूपीआई और नेट बैंकिंग के माध्यम से अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। जब पीड़ित ने निवेश की धनराशि वापस मांगी तो आरोपियों ने और रकम जमा करने का दबाव बनाया और बाद में पैसे लौटाने से इंकार कर दिया। घटना के बाद पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर अलीगंज अशोक कुमार सोनकर के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच साइबर क्राइम सेल की मदद से की जा रही है।

### डॉक्टर दंपति के खाते से उड़ाए 1.21 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ:** साइबर जालसाजों ने डॉक्टर दंपति के खाते से 1.21 लाख रुपये साफ कर दिये। जानकीपुरम स्थित एसबीआई कॉलोनी में रिटायर्ड डॉक्टर डॉ. शिव प्रकाश गौतम परिवार समेत रहते हैं। डॉ. शिव प्रकाश के मुताबिक उनके बचत खाते से 18,440 रुपये तथा उनकी पत्नी सरिता गौतम के बचत खाते से 1,02,777 रुपये बिना जानकारी के धोखे से निकाल लिए गए। यह लेनदेन 6 जनवरी, 8 जनवरी और 10 जनवरी 2026 को यूपीआई के माध्यम से किए गए। डॉ. शिव प्रकाश के मुताबिक इन तिथियों पर उन्होंने कोई ट्रांजेक्शन नहीं किया था। धोखाधड़ी की जानकारी 12 जनवरी को बैंक स्टेटमेंट देखने के बाद हुई। पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत कराई। साथ ही ऑन लाइन पोर्टल पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई।

# जज के चैंबर में 12 आरडीएक्स लगे होने का ई-मेल, कचहरी खाली कराई गई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तमिलनाडु में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू होने के विरोध में धमकी

**अमृत विचार:** लखनऊ कचहरी में जज के चैंबर में 12 आरडीएक्स लगाए जाने और उनके जल्द फटने की धमकी वाला ई-मेल सोमवार सुबह जिला जज की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजा गया। ई-मेल में तमिलनाडु में ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर रोक लगाने की मांग करते हुए दोपहर 12:15 बजे तक परिसर खाली कराने की चेतावनी दी गई थी।

सूचना मिलते ही पुलिस को अवगत कराया गया। वजीरगंज समेत आसपास के कई थानों की पुलिस, डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। कचहरी परिसर के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।



कोर्ट परिसर की जांच करती टीम। अमृत विचार

चार दिनों में धमकी भरा ई-मेल भेजे जाने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले शुक्रवार को भी सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। उस मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एटीएस, सर्विलांस सेल और वजीरगंज पुलिस जांच कर रही है।

सोमवार को भेजे गए ई-मेल के अंत में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) और पाकिस्तान की आईएसआई का नाम लिखा गया था। सूचना मिलते ही कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। अधिवक्ता और कर्मचारी काम छोड़कर बाहर निकल आए। सुरक्षा एजेंसियों ने वकीलों के कक्ष, कोर्ट रूम और पार्किंग सहित सभी स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया। लगभग दो घंटे चली तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

वजीरगंज इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि जांच में कोई विस्फोटक या अन्य खतरनाक वस्तु नहीं मिली है। परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और प्रवेश-निकास पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। जिस ई-मेल आईडी से संदेश भेजा गया है, उसकी जांच की जा रही है।

**हाईकोर्ट को भी भेजा गया था ई-मेल:** धमकी भरा ई-मेल सोमवार सुबह करीब 8:38 बजे इलाहाबाद हाईकोर्ट को भी भेजा गया था। इसके बाद सभी संबंधित इकाइयों को अलर्ट कर दिया गया और लखनऊ कचहरी की सुरक्षा बढ़ा दी गई। इस संबंध में कोर्ट नाजिर की ओर से वजीरगंज थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### लापता युवक का पेड़ से लटका मिला शव

**अमृत विचार, लखनऊ:** हुसैनगंज के हैदर कैनाल रेलवे कॉलोनी स्थित बेल के पेड़ से लटका हुआ युवक का शव मिला। राहगीर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच में सामने आया कि मृतक मो. सुहैल प्रयागराज के मऊ आइमा के घीनपुर का रहने वाला है। वह लखनऊ में रहकर एक होटल में नौकरी करता था। सुहैल के परिजन ने बताया कि वह दस दिन पहले लखनऊ आया था। यहां मो. सुहैल अमर प्रेम होटल में काम कर रहा था। 12 फरवरी को उसने दादी की मौत होने की बात करके होटल से छुट्टी ली थी। इसके बाद होटल से निकल गया, लेकिन घर नहीं पहुंचा। उसकी दादी की मौत भी नहीं हुई थी। उसने छुट्टी लेने के लिए झूठ बोला था।

# प्रेमिका के भाइयों ने युवक का गला ब्लेड से काटा, गंभीर

## पारा के खुशहालगंज इलाके में प्रेम प्रसंग में हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हमला करने वाले दोनों भाई गिरफ्तार, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** पारा के खुशहालगंज में रविवार शाम प्रेम प्रसंग को लेकर हुए विवाद में 25 वर्षीय महेंद्र पर उसकी प्रेमिका के भाइयों ने सर्जिकल ब्लेड से हमला कर दिया। गले पर किए गए वार से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि हमलावरों ने अपनी बहन पर भी हमला करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। इसी दौरान महेंद्र के परिजनों ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया, उनकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पिता की तहरीर पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पारा के खुशहालगंज निवासी संतू कपड़े धोने का काम करते हैं। उनका बेटा महेंद्र मजदूरी करता है। काकोरी के ईंटगांव निवासी मामा मुकेश के अनुसार, पिछले करीब एक वर्ष से महेंद्र का काकोरी क्षेत्र की एक युवती से प्रेम संबंध था, जिसका युवती के परिजन विरोध करते थे। रविवार को दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि युवती ने महेंद्र को फोन कर आत्महत्या की धमकी दी और शाम करीब 5:30 बजे उसके घर पहुंच गई। बातचीत के दौरान युवती के दो भाई वहां आ पहुंचे और महेंद्र से विवाद करने लगे। बात मारपीट तक पहुंच गई और आरोपियों ने महेंद्र को गिराकर पीटा। विरोध करने पर उसकी गर्दन पर सर्जिकल ब्लेड से कई वार कर दिए। घायल महेंद्र को परिजनों ने पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी गर्दन पर 18 टांके लगे हैं। थाना प्रभारी सुरेश सिंह के मुताबिक, मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### प्रपौत्र ने साथियों संग मिलकर बेच दी जमीन

**अमृत विचार, लखनऊ:** तीस वर्ष पूर्व परदादा की मौत हो गई। उनके नाम से दर्ज जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रपौत्र ने अपने साथियों संग मिलकर बेच दी। इस मामले में पुलिस ने प्रपौत्र व उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी के मुताबिक गोसाईगंज में उम्मेदखेड़ा गांव निवासी महावीर की करीब तीस साल पहले मृत्यु हो चुकी थी। आरोप है कि महावीर के प्रपौत्र सुनील ने फर्जी दस्तावेज और आधार कार्ड तैयार कर परदादा के नाम दर्ज जमीन बेच दी। जब मृतक की बहू वरासत दर्ज कराने तहसील पहुंची तो उसे पता चला कि पांच महीने पहले ही जमीन का बैनामा हो चुका है। मृतका की बहू फूलमती ने 31 जनवरी को जेठ के पोते सुनील के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया था।

# झूठी फायरिंग की सूचना देने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, काकोरी

- विरोधियों को फंसाने के लिए दी थी झूठी सूचना, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** काकोरी में बाइक सवार बदमाशों द्वारा टाटा सफारी पर फायरिंग करने की सूचना रविवार देर रात 11.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई थी। जांच में सूचना पूरी तरह से फर्जी निकली। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक ने पूछताछ में बताया कि विरोधियों को फंसाने के लिए साजिश के तहत सूचना दी थी।

इंस्पेक्टर काकोरी सतीश राठौर के अनुसार रविवार रात करीब 11:30 बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि दो बाइक सवार बदमाशों ने एक सफारी कार पर फायरिंग कर दी है। सूचना देने वाले ने अपना नाम शिवजी उर्फ शिवा यादव, निवासी कलिया खेड़ा, काकोरी बताया। उसने बताया कि बदमाशों ने उसकी कार के सामने आकर गोलियां चलाईं और मौके से फरार हो गए। सूचना पर समदा चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को फायरिंग की घटना से संबंधित कोई साक्ष्य नहीं मिला। मौके से से कोई कारतूस नहीं मिला। यहां तक कि वाहन पर गोली के निशान नहीं मिले। पास में टेंट लगाकर रह रहे मजदूरों से पूछताछ में भी फायरिंग की बात से इनकार किया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी की कहानी झूठी निकली। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह हाल ही में जेल से जमानत पर बाहर आया था। उस पर पूर्व में मारपीट व पॉक्सो एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, उसने अपने विरोधियों को झूठे मामले में फंसाने और क्षेत्र में दहशत फैलाने के इरादे से यह साजिश रची थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन सीज कर दिया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# दिल्ली निवासी युवती ने दर्ज कराई कमरू जमाल पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राहुल बन हिंदू युवतियों का शोषण व देह व्यापार कराने का मामला
- पांच वर्ष पूर्व नाबालिग को नौकरी का झांसा देकर बुलाया, पुलिस कर रही जांच




**अमृत विचार:** राहुल नाम बताकर हिंदू युवतियों से दोस्ती कर शोषण और देह व्यापार में धकेलने के आरोपित कमरू जमाल के खिलाफ गोमतीनगर थाने में एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में कमरू समेत छह अन्य लोगों को नामजद किया गया है। रिपोर्ट दिल्ली के दरियागंज निवासी युवती की तहरीर पर दर्ज हुई है। पीड़िता का आरोप है कि पांच वर्ष पूर्व, जब वह नाबालिग थी, तब उसे नौकरी का झांसा देकर लखनऊ बुलाया गया और शोषण किया गया।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर ब्रजेश चंद्र तिवारी के अनुसार पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2021 में सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान बिहार के किशनगंज निवासी कमरू जमाल उर्फ जावेद से हुई थी। आरोप है कि उसने नौकरी दिलाने का भरोसा देकर गोमतीनगर स्थित एक कैफे में बुलाया, जहां कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो के आधार पर ब्लैकमेल कर उसे अपने साथियों के हवाले कर दिया गया।

पीड़िता का आरोप है कि उसे विभिन्न स्थानों पर भेजकर देह व्यापार के लिए मजबूर किया गया। किसी तरह मौका पाकर वह दिल्ली लौट गई। हाल में आरोपियों के खिलाफ दर्ज अन्य मुकदमों की जानकारी मिलने पर वह लखनऊ आई और तहरीर दी। पुलिस ने दुष्कर्म, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर के मुताबिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### देवर व ननद पर प्रताड़ना और जान से मारने का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच



**अमृत विचार, लखनऊ:** सआदतगंज इलाके में रहने वाली एक महिला ने अपने देवर और ननद पर मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि उसके पति विदेश में रहते हैं, जिसका फायदा उठाकर दोनों आरोपित उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सआदतगंज के टेप वाली गली, हिजा अस्पताल के पास निवासी मीसम अब्बास की पत्नी कायनात फातिमा के अनुसार उनकी शादी 19 जनवरी 2016 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार लखनऊ में हुई थी। उनके पति वर्तमान में दुबई में कार्यरत हैं, जिससे वह अपने दो नाबालिग बच्चों के साथ ससुराल में रह रही हैं। आरोप है कि देवर जैधम अब्बास और ननद अली जाहिरा आपसी मिलीभगत से उन्हें प्रताड़ित करते हैं और ससुराल से निकालने की धमकी देते हैं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि 13 फरवरी को आरोपितों ने गैस जलाकर उन्हें और बच्चों को जिंदा जलाने की धमकी दी। इंस्पेक्टर सआदतगंज संतोष कुमार आर्य के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

### मुख्यमंत्री से शिकायत करने पर पड़ोसियों ने किया हमला

**अमृत विचार, लखनऊ:** पारा के बुद्धेश्वर विहार कॉलोनी में रहने वाली एक युवती पर उसके पड़ोसियों ने कथित रूप से धारदार हथियार से हमला कर दिया और पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि उसने पड़ोसी के खिलाफ मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर शिकायत दर्ज कराई थी, जिससे आरोपी पक्ष नाराज था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के मुताबिक 11 फरवरी 2026 को उसने पड़ोसी सुनील कुमार के खिलाफ छेड़छाड़ और गाली-गलौज की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर की थी। आरोप है कि कार्रवाई न होने पर 14 फरवरी को पुनः प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद 15 फरवरी की सुबह करीब नौ बजे सुनील, उसकी पत्नी रोशनी और उसके साले ने मिलकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने अवैध पिस्तौल से फायर करने का भी प्रयास किया और आरोपी की पत्नी पिस्तौल को शॉल में छिपाकर मौके से चली गई। पीड़िता ने 1090 और 112 पर कॉल कर सूचना दी। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के अनुसार तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# करोड़ों की जीएसटी चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साइबर क्राइम सेल व इटौंजा की संयुक्त टीम ने किया गिरोह का खुलासा
- 16 बोगस फर्म खोलकर 2.75 करोड़ की जीएसटी चोरी का मामला

**अमृत विचार:** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बोगस फर्म बनाकर करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा साइबर क्राइम सेल और इटौंजा पुलिस की संयुक्त टीम ने किया है। पुलिस ने महिला समेत चार आरोपियों को सोमवार सुबह गिरफ्तार किया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि गिरोह ने 16 बोगस फर्म खोलकर करीब 2.75 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी की। गिरोह में कुछ सीए के जुड़े होने और जीएसटी विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से स्थलीय सत्यापन में गलत रिपोर्ट लगाने की बात भी सामने आई है। पुलिस कुछ कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

डीसीपी अपराध कमलेश दीक्षित के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में कानपुर नगर के जूही कॉलोनी निवासी तबस्सुम, कल्याणपुर का प्रशांत बेंजवाल, दीन दयालपुरम निवासी दौलत राम और इंदिरानगर सेक्टर का कारोबारी सुमित सौरभ शामिल हैं। गिरोह का सरगना सीतापुर निवासी अम्मार अंसारी फरार है। पुलिस के मुताबिक तबस्सुम उसके इशारे पर फर्जी दस्तावेजों से बोगस फर्म तैयार कराती थी। बीते वर्ष दो सितंबर को राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त अभिमन्यु पाठक ने इटौंजा थाने में 52 लाख रुपये की जीएसटी चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। जांच के दौरान एमएम स्वराज ट्रेडर्स, एसएस गैलेक्सी और एसएस इंटरप्राइजेज समेत कई फर्मों के जरिए कर चोरी का खुलासा हुआ।

आरोपियों के पास से 20 डेबिट कार्ड, 26 सिम कार्ड, 11 मोबाइल फोन, पांच मेमोरी कार्ड, एक लैपटॉप, 25 आधार कार्ड और 25 पैन कार्ड की फोटो कॉपी, तीन पासबुक, तीन चेकबुक, नौ कैशबुक, 137 फर्जी इनवाइस, खतौनी और कई निवास प्रमाणपत्र बरामद किए गए हैं।



जीएसटी चोरी के आरोप में पकड़े गये लोग। अमृत विचार

#### विशेष टीम की जांच में हुआ खुलासा

- डीसीपी के मुताबिक मामले की जांच में साइबर क्राइम थाना, क्राइम सेल और इटौंजा पुलिस की विशेष टीम को लगाया गया था। जांच में सामने आया कि प्रशांत, तबस्सुम, अम्मार अंसारी और दौलत राम ने मिलकर 16 बोगस फर्म बनाईं। गिरोह ने सीतापुर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ समेत कई जिलों में इसी तरह जालसाजी की। अम्मार पूर्व में सीतापुर से जेल भी जा चुका है।

#### कैशियर के साथ मिलकर तैयार किया गिरोह

- इंस्पेक्टर साइबर क्राइम ब्रजेश कुमार यादव के अनुसार तबस्सुम कानपुर में एक मॉल में नौकरी करती थी, जहां उसकी मुलाकात कैशियर प्रशांत से हुई। अधिक धन कमाने की लालसा में दोनों ने यह गिरोह बनाया और बाद में अम्मार अंसारी को इसमें शामिल किया, जिसने पूरे नेटवर्क की कमान संभाल ली।

#### फर्जी दस्तावेज देते थे 15 हजार रुपये

- साइबर एक्सपर्ट सय्यद हसन आदिल ने बताया कि तबस्सुम जरूरतमंद लोगों से आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल नंबर और बैंक खाते के दस्तावेज लेकर उन्हें 15 हजार रुपये देती थी। उन्हीं दस्तावेजों पर फर्जी फर्म का पंजीकरण कराया जाता था। अम्मार फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन, किरायानामा, आईटीसी और ई-वे बिल तैयार करता था। प्रत्येक फर्म के एवज में तबस्सुम और प्रशांत को एक-एक लाख रुपये मिलते थे। जीएसटी चोरी से प्राप्त रकम आपस में बांट ली जाती थी।

## अपराध

बंद मकान में चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद

# पीएसी के दीवान का बेटा निकला चोर गिरोह का सरगना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पीएसी के एक सेवानिवृत्त दीवान का बेटा अंतरराज्यीय चोर गिरोह का सरगना निकला। पीजीआई पुलिस और दक्षिणी जोन की सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बंद मकानों में चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे और फिर सुनियोजित तरीके से ताला तोड़कर लाखों के सामान पर हाथ साफ कर देते थे। चोरी का माल बेचने के लिए बिहार चले जाते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक एयर गन, लाखों रुपये के जेवरात और 42,362 रुपये नकद बरामद किए हैं।



चोरी के आरोप में पकड़े गये लोग। अमृत विचार

डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के कैमूर (नुंआव) निवासी सोनू सिंह और शक्तिमान सिंह, सारण (छपरा) के पानापुर स्थित रामपुर रुद्र निवासी सोनू कुमार शाह उर्फ सोनू पहाड़ी तथा फतेहपुर (खागा) के किशनपुर रमसगरा निवासी बृजेश निषाद शामिल हैं। सोनू सिंह पर पहले से नौ मुकदमे दर्ज हैं। उसके पिता पीएसी में दीवान पद से सेवानिवृत्त हैं। तीन आरोपी ऑटो चलाते हैं, जबकि बृजेश बाइक मिस्त्री है। बरामद सामान में सोने-चांदी के जेवर, घड़ियां, दो मोतियों की माला समेत अन्य आभूषण शामिल हैं।

#### रेकी कर देते थे वारदात को अंजाम

- इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह के मुताबिक आरोपी कई दिनों तक बंद मकानों की निगरानी करते थे। चार फरवरी की रात रेकी के बाद लोहे की सरिया से ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। वारदात के बाद आरोपी रेपिडो बुक कर चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचे और वहां से ट्रेन पकड़कर बिहार भाग गए। पूछताछ में उन्होंने बताया कि हर वारदात के बाद यही तरीका अपनाते थे। पुलिस ने चोरी का करीब 85 प्रतिशत माल बरामद कर लिया है।

#### 350 फुटेज खंगालकर पहुंचे आरोपियों तक

- घटना के खुलासे के लिए गठित विशेष टीम ने करीब 350 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को सरोजनीनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस अन्य जिलों व थानों से संपर्क कर गिरोह की अन्य वारदातों की जानकारी जुटा रही है।

# बरात में गया परिवार, ताला तोड़कर लाखों के जेवर और नगदी चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चिनहट के लौलाई स्थित शिव गेस्ट हाउस के पास हुई घटना

**अमृत विचार:** चिनहट के लौलाई गांव स्थित शिव गेस्ट हाउस के पास बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के जेवर व नकदी साफ कर दिये। जानकारी होने पर मकान मालिक ने चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक घटना के समय परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने गया था।

लौलाई स्थित शिव गेस्ट हाउस के पास ध्रुवजी राय परिवार के साथ रहते हैं। ध्रुवजी राय के मुताबिक वह 12 फरवरी 2026 की रात करीब 8 बजे परिवार सहित अपने भांजे की बरात में शामिल होने कृष्णानगर गए थे। देर रात करीब 1:30 बजे कुछ रिश्तेदार उनके घर होते हुए गुजरे तो गेट पर ताला लगा हुआ था। जब वह 13 फरवरी की सुबह करीब 7 बजे घर लौटे तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला और घर के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी व वार्डरोब में रखे सोने-चांदी के जेवरात और करीब एक लाख रुपये नगद गायब थे। चोरी गए सामान में उनकी पत्नी के सोने के हार, लॉकेट चेन, चार अंगूठियां (करीब 80 ग्राम), चांदी की दो कटोरी, एक गिलास, दो चम्मच व 24 सिक्के (करीब 750 ग्राम) शामिल हैं। साथ ही महाराष्ट्र के पालघर जिले से आई उनकी बहन मीना राय के सोने के जेवर एक हार, दो सेट झुमके, मांग टीका, दो अंगूठियां और दो कंगन (करीब 110 ग्राम) भी चोर उठा ले गए। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।



सिटी ब्रीफ

## डीजी स्वास्थ्य से मिले फार्मासिस्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन उप्र. के प्रदेश अध्यक्ष जेके सचान और महामंत्री प्रद्युम्न सिंह ने स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण को ज्ञापन देकर फार्मासिस्ट संवर्ग की पदोन्नति से जुड़ी समस्याओं के बारे में बताया। ज्ञापन में बताया कि 31 दिसंबर और 31 जनवरी को जारी पदोन्नति आदेशों में कई विसंगतियां सामने आई हैं। वरिष्ठता सूची में नाम होने के बावजूद कई फार्मासिस्ट पदोन्नति से वंचित रह गए हैं, जिससे संवर्ग में असंतोष की स्थिति है। महामंत्री प्रद्युम्न सिंह ने बताया कि डीजी स्वास्थ्य से अनुरोध किया गया है कि पूरे प्रकरण की पुन: जांच कराई जाए व छूटे हुए फार्मासिस्टों की विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक शीघ्र कराकर न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। महानिदेशक ने मांगों का परीक्षण कर निस्तारण का आश्वासन दिया।

## स्वतंत्र राष्ट्र के खिलाफ धमकी की नीति अस्वीकार्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदरसा तनज़ीमुल मकातिब के सचिव मौलाना सैय्यद सफी हैदर ने कहा है कि विश्व स्तर पर बढ़ती धमकी पूर्ण राजनीति और अंतरराष्ट्रीय दबाव की प्रवृत्ति के विरुद्ध संगठित आवाज उठाना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि न्यायप्रिय भारतीय किसी भी शक्ति को यह अनुमति नहीं देंगे कि वह वैश्विक शांति और न्याय को कमजोर करे या संप्रभु देशों को धमकियों के माध्यम से दबाने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा शांति, सह-अस्तित्व और आपसी सम्मान का समर्थक रहा है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत ने संतुलित और शांतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होंने कहा कि आयतुल्लाह ख़ामेनई केवल ईरान के सर्वोच्च नेता ही नहीं, बल्कि विश्व भर के शिया समुदाय के धार्मिक मार्गदर्शक भी हैं, इसलिए उनके विरुद्ध किसी भी प्रकार की आक्रामकता अस्वीकार्य है।

## उर्दू अदब को आगे बढ़ाने पर हुई चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार समकालीन उर्दू साहित्य में प्रगतिशील विचारधाराओं पर आयोजित किया गया। संयोजक प्रो. सौबान सईद ने बताया कि हमारे समाज में आज उर्दू अदब एक महत्वपूर्ण किरदार अदा कर रहा है। आमिर मेंहदी ने अपने पेपर पढ़ते हुए तरक्की पसंद सोच को समाज के विकास के लिए बहुत जरूरी बताया। सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा से डॉ. सैयद सिब्ते हसन नकवी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। प्रो. ख़्वाजा इकरामुद्दीन बताया कि यह भाषा अब पूरी दुनिया में बोली जाती है। प्रो. अब्बास रज़ा नैय्यर, कुलपति प्रो. अजय तनेजा, प्रो. मसूद आलम अरबी विभाग, प्रो. रेशमा परवीन लखनऊ, डॉ. इशरत नाहीद मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्विद्यालय ने भी विचार रखे।

## बजट रोजगार परक और जनकल्याणकारी : पाठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कैंट विधानसभा के चारबाग स्थित होटल होम इन में आयोजित बजट चौपाल चर्चा में शामिल हुए। उन्होंने केंद्रीय बजट-2026 को एक रोजगारपरक, दूरदर्शी एवं जन कल्याणकारी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाला है। प्रवीण गर्ग के मुताबिक अशोक तिवारी, मानसिंह, राकेश श्रीवास्तव, लखविंदर सिंह, योगेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष राजन वर्मा, मानस बाहरी महेंद्र राजपूत पार्षद सुधीर मिश्रा बबलू, राजू गांधी, पीयूष दीवान, संतोष, राजेंद्र सिंह बग्गा लकी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# संयुक्त परिवार गुलदस्ता, आती खुशियों की महक

## रोटी कपड़ा फाउंडेशन ने समाज में संदेश देने के लिए महाशिवरात्रि पर लखनऊ के पांच व कानपुर के एक संयुक्त परिवार को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आज के दौर में जहां परिवार छोटे-छोटे हिस्सों में टूट रहे हैं, बच्चे मां-बाप वृद्धाश्रम भेज देते हैं और एकाकी में अवसाद में आकर नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। ऐसे दौर में तीन-चार पीढ़ियों का एक छत के नीचे रहना और एक ही रसोई बना भोजन करना बड़ा उदाहरण हैं। समाज को संदेश देने के लिए ऐसे छह परिवारों को रोटी कपड़ा फाउंडेशन ने महाशिवरात्रि पर अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इन परिवारों में तीन-तीन पीढ़ियों के 12 से 70 सदस्य तक न केवल एक छत के नीचे रहते हैं।

- **बड़े परिवार होने के बावजूद एक छत के नीचे रहते एक ही रसोई में पकता भोजन**

फाउंडेशन ने 14 से 16 फरवरी तक कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्ष राजेश आनंद, सचिव रिद्धि किशोर गौड़, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष आकांक्षा आनंद, अजय मेहरोत्रा, शिप्रा अग्रवाल ने कहा कि आज के दौर में परिवार छोटे-छोटे हिस्सों में टूट रहे हैं।

मां-बाप वृद्धाश्रम में जिन्दगी गुजार रहे हैं और एकाकी में नौजवान अवसाद में आकर आत्महत्या कर रहे हैं, जबकि संयुक्त परिवार में सभी मिलकर एक दूसरे का सुख-दुःख बांटते हैं। ऐसे परिवारों में बुजुर्गों का सम्मान होता है और नई पीढ़ियां प्रगतिशील होकर आगे बढ़ती हैं।संयुक्त परिवारों को सम्मानित कर संयुक्त परिवार की पुरानी सनातन व्यवस्था को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है।



मुखिया पंडित विजय पांडेय के साथ कानपुर के ताराचंद का परिवार। अमृत विचार

### पंडित ताराचंद पांडे के परिवार में 70 सदस्य

- कानपुर में पंडित ताराचंद पांडे के चार पुत्रों का परिवार एक साथ रहता है। परिवार के मुखिया पंडित जी के ज्येष्ठ पुत्र पंडित विजय पांडेय हैं। विजय और उनके भाइयों का 70 सदस्यों वाला परिवार कैंट में रहता है।



मुखिया प्रेमा शर्मा के साथ 15 सदस्यीय परिवार। अमृत विचार

### 15 सदस्यों के साथ रहता है प्रेम शर्मा का परिवार

- विकास नगर में प्रेमा शर्मा चार पुत्रों, पुत्रवधुओं और 15 सदस्यों के साथ एक ही मकान में रहते हैं। इस परिवार के सदस्य व्यवसाय के अलावा नौकरी में भी हैं।



मुखिया शशिबाला के साथ परिवार के सदस्य।

### फूलों वाली गली के परिवार में प्यार की खुशबू

- चौक स्थित फूल वाली गली में व्यवसायी शशि बाला धवन तीन विवाहित पुत्रों व 12 सदस्यों के साथ एक ही छत के नीचे रहती हैं।



कारोबारी बृज बिहारी मेहरोत्रा के साथ परिवार के सदस्य।

### मुर्गी दाना कारोबारी का परिवार भी एक साथ

- चौपटिया के मुर्गी दाने के कारोबारी बृज बिहारी मेहरोत्रा के परिवार में दो पुत्र समेत 8 सदस्य हैं। पूरे परिवार का भोजन एक ही रसोई में बनता है।

### शिवजी का दरबार संयुक्त परिवार का आदर्श उदाहरण

संयुक्त परिवार को सबसे आदर्श उदाहरण भगवान शिव का परिवार है। शिवजी का वाहन नंदी है, गले में सर्प हैं। पुत्र गणेश का वाहन मूषक और दूसरे पुत्र कार्तिकेय का वाहन मोर है। नंदी, मूषक, सर्प और मोर एक साथ नहीं रह सकते, लेकिन शिव दरबार में इनके एक साथ दर्शन होते हैं।

इसका स्पष्ट संदेश है कि परिवार के सदस्यों का स्वभाव भले ही कितना विपरीत हो, लेकिन अगर मुखिया सहनशील, अनुशासित और दृढ़ हो तो विपरीत से विपरीत विचारधारा वाले सदस्य भी एक परिवार में एक साथ, एक छत के नीचे रह सकते हैं। आज के समय में थोड़े से मन मुटाव, स्वार्थ, अहंकार और ग़लत सलाह के कारण हम अपने ही परिवार से दूरी बना लेते हैं।



जयकरण सिंह भदोरिया के साथ परिवार के सदस्य। अमृत विचार

### रियल एस्टेट कारोबारी के परिवार में भी 15 सदस्य

- रियल एस्टेट कारोबारी जयकरण सिंह भदोरिया गोमतीनगर में ज्येष्ठ पुत्र पंकज सिंह समेत दो पुत्रों, पुत्रवधुओं और 15 सदस्यों के साथ एक ही घर में रहते हैं।



संजय श्रीवास्तव के साथ उनके परिवार के सदस्य।

### साथ साथ रहते संजय श्रीवास्तव के तीन भाई

- गोमती नगर स्थित संजय श्रीवास्तव तीन भाइयों और परिवार के 13 सदस्यों के साथ एक साथ रहते हैं। इस परिवार के सदस्य व्यवसाय और नौकरी में हैं।

## नाटक तिल का ताड़ में दिखाई कुंवारों के आवास की समस्या

**अमृत विचार, लखनऊ:** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में सोमवार को नाटक तिल का ताड़ का मंचन किया। मुन्नी देवी के निर्देशन में मंचित इस नाटक में कुंवारे लोगों की आवासीय समस्या को दर्शाया गया। नाटक से संदेश दिया गया कि हर कुंवारा लफंगा और चरित्रहीन नहीं होता है, इसलिए समाज को ये विचार मन से निकाल देना चाहिए।

शंकर शेष लिखित इस नाटक का मंचन शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संस्था अनादि ने कराया। नाटक का नायक प्राणनाथ शादीशुदा होने की बात झूठ बताकर मकान किराए पर लेता है। वह मालिक धन्नामल से बताता है कि एक वर्ष पहले शादी हुई है, मां की तबियत खराब है इसलिए पत्नी को साथ नहीं लाए। पत्नी कुछ ही दिन में आ जाएगी। एक वर्ष बात भी प्राणनाथ पत्नी को नहीं लाता, तो मकान मालिक कहता है कि कल तक तुम्हारी पत्नी नहीं आई तो तुमको परसों तक मकान खाली करना पड़ेगा।

प्राणनाथ का भाग्य साथ देता है, सड़क पर कुछ गुंडे मंजू नाम की महिला को परेशान कर रहे थे। प्राणनाथ उसे बचाकर घर ले आता है और अपनी समस्या बताता है। मंजू साथ रहने को तैयार हो जाती है। इसी बीच प्राणनाथ के पिता और उसकी प्रेमिका के के पिता आ जाते हैं। प्राणनाथ एक झूठ छिपाने के चक्कर बहुत झूठ बोलता है, यही स्थिति हास्य को दर्शाती है। सब बार-बार ये प्रश्न करते हैं कि मंजू कौन है, तब मंजू खुद आगे आती है और अपना परिचय देती है। इसी बीच दोस्त अजय आता है और बताता है कि मंजू मेरी पत्नी है। वह नौकरी के सिलसिले में यहां आई थी पर गुंडों के परेशान करने पर आपके घर आ गई। इसके बाद पिता प्राणनाथ की शादी की हामी भरते हैं।

नाटक में संदीप देव, मुकुल चौहान, कोमल प्रजापति, गुरुदत्त पांडेय, अनिल कुमार, योगेंद्र यादव, उज्जवल सिंह, अंशिका सक्सेना और निरुपमा राहुल ने सराहनीय अभिनय किया।

# यूथ फेस्ट में युवाओं ने बनाई कलाकृतियां

## शिया महाविद्यालय में तिलावत-ए-कुरान से किया गया दो दिवसीय फेस्ट का आगाज़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शिया महाविद्यालय में दो दिवसीय 'एक्सप्रेशन यूथ फेस्ट-2026' का शुभारम्भ तिलावत-ए-कुरान से हुआ। इस वर्ष के यूथ फेस्ट की थीम 'कला के माध्यम से अभिव्यक्ति' रही। मुख्य अतिथि प्रो. अब्बास अली मेहदी, कुलपति, ऐरा मेडिकल विश्वविद्यालय और विशिष्ट अतिथि सै. आमिर अली रज़ा, ज्वाइंट सेक्रेटरी, बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज थे। जिनका स्वागत मजलिस-ए-उलेमा के सेक्रेटरी मौलाना यासूब अब्बास ने शॉल व पौधा देकर किया। फेस्ट के मौके पर महाविद्यालय परिसर को छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की रंग-बिरंगी हस्तनिर्मित कलाकृतियों से सजाया गया है।

यूथ फेस्ट में अतिथियों के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है, शहर की कला, इतिहास एवं जायकों से रूबरू कराने के लिए विभिन्न स्टॉल लगाए गए हैं। छात्र-छात्राओं द्वारा स्वयं द्वारा तैयार किए गए खाने-पीने की चीजों को लगाया है, जो अतिथियों और बच्चों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। प्रो. अब्बास अली मेहदी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी विद्यार्थियों के विकास के लिए जरूरी हैं। आज के समय में सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना होगा, तभी हम सफल हो सकते हैं। महाविद्यालय के प्रबन्ध-समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रो. एसएसएच तकवी ने कहा कि कला के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, जिसमें विद्यार्थियों को अवसर तलाशने की जरूरत है।





शिया महाविद्यालय में एक्सप्रेशन यूथ फेस्ट के पहले दिन कृतियां बनातीं युवतियां। अमृत विचार

### आज सेल्फी कान्टेस्ट, ग़ज़ल, कविता लेखन

- पहले दिन फोटोग्राफी, फिल्म रिव्यू, डिबेट, स्टोन पेन्टिंग, स्लोगन राइटिंग, रंगोली एवं कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता कराई गईं। मंगलवार को सेल्फी कान्टेस्ट, गज़ल, कविता लेखन, पोस्टर मेकिंग, मेंहदी, बैत-बाजी, कार्ड मेंकिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।



यूथ फेस्ट में गिटार की प्रस्तुति देते छात्र को मोबाइल कैमरे में कैद करती युवतियां।

### पहली रमजान से शुरू होगी इस्लामिक सेंटर की हेल्पलाइन

- **अमृत विचार, लखनऊ :** रमजान के महीने में इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया मौलाना खालिद रशीद के मार्गदर्शन में हेल्प लाइन का संचालन करेगा। हेल्पलाइन पर रमजान की अहमियत, रोजा, जकात, तरावीह, इफ्तार, सेहरी, नमाज व अन्य समस्याओं से सम्बन्धित सवाल किये जाते हैं। हेल्पलाइन पर पहली रमजान से रोजाना दोपहर 2 बजे से शाम को 4 बजे तक सवाल पूछे जा सकते हैं। सवाल वेबसाईट www.farangimahal.in पर पूछे जा सकते हैं। मोबाइल नम्बर 9415023970 और 9335929670 पर भी पूछे जा सकते हैं।

## महापौर ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में महापौर सुषमा खर्कवाल ने 150 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनीं। सफाई, जलनिकासी, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट एवं कर संबंधी शिकायतों के निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। महापौर ने पार्षदों एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकों से भेंट करके शहर के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

सिटी डायरी



विधानसभा में बोलते हुए डॉ. नीरज बोरा।

### डॉ. बोरा ने विधानसभा में उठाया बंधा रोड चौड़ीकरण का मुद्दा

**अमृत विचार,लखनऊ :** विधायक डॉ. नीरज बोरा ने विधानसभा में पक्का पुल से सीतापुर रोड तक (बंधा रोड) के मार्ग के चौड़ीकरण में हो रही अनावश्यक देरी पर कड़ा रुख अपनाया। विधायक ने सदन को अवगत कराया कि लगभग 3 किलोमीटर लंबा यह मार्ग वर्तमान में केवल 5 मीटर चौड़ा है और इसके किनारे त्रिवेणी नगर, फैजुल्लागंज और प्रियदर्शिनी कॉलोनी जैसी घनी आबादी वाली कॉलोनियां स्थित हैं। प्रतिदिन 50 हजार से अधिक लोग इस मार्ग का इस्तेमाल करते हैं, जिससे भारी ट्रैफिक जाम, दुर्घटनाएं और जनअसुविधा बनी रहती है। डॉ. बोरा ने कहा कि 24 मीटर चौड़ी, डिवाइडरयुक्त फोरलेन सड़क रूप में विकसित करने के लिए 40 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल चुकी है और एलडीए से टेंडर भी हो चुका है।



संस्कृत गीतानि कार्यशाला में शामिल महिलाएं।

### संस्कृत गीतानि कार्यशाला शुरू


**अमृत विचार, लखनऊ :** संस्कृत संस्थान एवं ज्योति कलश संस्थान के तत्वावधान में आर्य भाषा संस्कृत के गीतों की संस्कृत गीतानि कार्यशाला की शुरुआत सोमवार को आमोद आश्रम गोमतीनगर प्रो. ऊषा सिन्हा, डॉ. रश्मि श्रीवास्तव की मौजूदगी में हुई। महामन्त्री कनक वर्मा ने बताया किप्रशिक्षक गुरु आशा श्रीवास्तव के निर्देशन में पहले दिन अर्चना गुप्ता, ज्योति किरन, अलका चतुर्वेदी, माधुरी, मनु राय समेत 20 लोगों ने कार्यशाला में भाग लिया। गीतों की श्रृंखला में सरस्वती वंदना मात : सरस्वति कुरु कृपामिह, जननि सुमतिं देहि मे। करवाणि गुणगणगायनं तव मङ्गलं च विधेहि से हुआ।



बैठक के दौरान चेट्टी चंद मेला कमेटी के पदाधिकारी।

### झूलेलाल जयंती पर हो अवकाश

**अमृत विचार,लखनऊ :** इंदिरानगर स्थित चेट्टी चंद मेला कमेटी की बैठक सोमवार को इंदिरा नगर झूले लाल भवन में हुई। इसमें झूलेलाल जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग उठाई गई। पदाधिकारियों ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात में अवकाश होता है। चेट्टी चंद मेला कमेटी मुख्यमंत्री से मिलकर छुट्टी घोषित करने की मांग कर चुकी है, जल्द ही मेला कमेटी भी योगी से मिलेगी। प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेन्द्र भावनानी, हंसराज राजपाल, राजू जसवानी, सतीश लखमानी ने झूलेलाल जयंती पर 20 मार्च को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में कमेटी का पुनर्गठन भी किया गया।



विवेक खंड 2 में शिव बरात का स्वागत करते कालोनी के लोग।

### शिव बरात का स्वागत

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाशिवरात्रि पर विवेक खंड 3 जनकल्याण समिति ने पावन शिव बरात का स्वागत किया। बरात राधा कृष्ण मंदिर विवेक खंड 2 से प्रारंभ होकर जैसे ही विवेक खंड 3 क्षेत्र में पहुंची, समस्त कॉलोनीवासियों ने घरों से पुष्प वर्षा की। पूरा मार्ग श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा। वातावरण "हर हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा। शिव बरात के एकता पार्क के पास पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने आरती करके शिव को माल्यार्पण किया।

समारोह

आक्सीजन मैन फाउंडेशन और कामायनी के कार्यक्रम में पुस्तक शक्तिरूपा का विमोचन

# डॉ. अनिल रस्तोगी, डॉ. सुमोना और रोहित मिश्रा सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आक्सीजन मैन फाउंडेशन और कामायनी ने सोमवार शाम को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया।

इसमें पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी, आकाशवाणी की कार्यक्रम प्रमुख डॉ. सुमोना पाण्डेय और कैंसर पीड़ित बच्चों की निःस्वार्थ सेवा के लिए समाजसेवी रोहित मिश्रा को सम्मानित किया गया। राजेश जायसवाल की पुस्तक शक्तिरूपा का विमोचन और फिल्म सक्षम का



अभिनेता रंजीत सिंह।

ट्रेलर प्रदर्शित किया गया

कथक नृत्यांगना सुरभि शुक्ला और उनकी टीम ने हिंदी फीचर फिल्म के गीत पर आधारित गणेश वंदना से कार्यक्रम शुरू किया। संयोजक राजेश जायसवाल ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मंच कला और समाजसेवा को एक साथ जोड़ने की कोशिश है। विशेष आकर्षण रहे फिल्म अभिनेता रंजीत और मशहूर कॉमेडियन राजीव निगम। रंजीत ने अपने चर्चित संवादों से दर्शकों का मनोरंजन किया, वहीं राजीव निगम की मौजूदगी ने समारोह में हल्का-फुल्का हास्य वातावरण बनाए रखा। संगीत संध्या में साहिबा, आद्या श्रीवास्तव, मिरन राय, रूपा और संगीता जायसवाल सहित कई कलाकारों ने सोलो एवं डुएट प्रस्तुतियां दीं। शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### गायक हरिहरन को नौशाद सम्मान से नवाजा गया



गायक हरिहरन को नौशाद सम्मान देते अतिथि।

- **अमृत विचार, लखनऊ :** हुनर क्रिएशन एण्ड क्राफ्ट एसोसिएशन ने सोमवार शाम को एमबी क्लब में सजी रंग-ए-अवध महफिल में विख्यात गायक हरिहरन को नौशाद सम्मानित किया। प्रशंसकों की मांग पर उन्होंने :- कोई सागर दिल को बहलाता नहीं..., हर एक जख्म दिल का भर गया यारों...और रोजा तू जानेमन जैसे गीत ग़ज़ल के टुकड़े सुनाकर लोगों को मुग्ध कर दिया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल आनन्दी सेन और संयोजक जफर नबी ने शान-ए-अवध सम्मान गायिका अपेक्षा सक्सेना, अलीना भारती, स्नेही और प्रबंधन विशेषज्ञ जगमोहन रावत को प्रदान किया। इस अवसर पर स्नेही, अपेक्षा सक्सेना और अलीना भारती ने यहां अपनी गायकी का हुनर दिखाया।

## सिटी ब्रीफ

### केजीएमयू : सफल हुए अभ्यर्थियों की सूची जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ने गैर-शैक्षणिक नियमित पदों की भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल टेक्निकल ऑफिसर ईएनटी, टेक्निकल ऑफिसर ऑप्थल्मोलॉजी और लाइब्रेरियन पदों पर चयनित उम्मीदवारों की सूची सार्वजनिक की गई है। केजीएमयू प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने बताया कि 207 पदों के लिए भर्ती परीक्षा 14 नवंबर को आयोजित की गई थी, और इसका परिणाम 29 नवंबर को घोषित किया गया था। 22 दिसंबर तक विभिन्न पदों के लिए दस्तावेज सत्यापन का राउंड पूरा किया गया। तीनों प्रमुख पदों पर चार-चार अभ्यर्थी सफल हुए हैं, और उनकी सूची विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। चयनित उम्मीदवार अब आगे की औपचारिकताओं के लिए विश्वविद्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### छात्रों ने सीखे विपणन और बिक्री के गुर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान संस्थान में विपणन एवं बिक्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर के सहयोग और मार्गदर्शन से आयोजित किया गया। गोदरेज समूह की मानव संसाधन प्रशिक्षक और आईएमएस की पूर्व छात्रा राधिका गुप्ता ने सत्र का संचालन किया। उन्होंने समकालीन विपणन रणनीतियों, प्रभावी बिक्री तकनीकों और प्रबंधन स्नातकों से उद्योग की बदलती अपेक्षाओं पर बहुमूल्य जानकारी साझा की। व्यावहारिक उदाहरणों, वास्तविक केस स्टडी चर्चाओं और संवादात्मक सहभागिता के माध्यम से उन्होंने छात्रों को कॉर्पोरेट गतिशीलता और बाजार-संचालित निर्णय लेने की गहरी समझ प्रदान की।

### प्राथमिक विद्यालयों में होगा एआई का प्रयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के परिषदीय विद्यालयों को अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से जोड़ा जाएगा। स्मार्ट कक्षाओं में विद्यार्थियों को परंपरागत के साथ आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा मिलेगी। लखनऊ के 1609 परिषदीय विद्यालयों में कक्षाओं को स्मार्ट क्लास के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय की व्यवस्था भी बेहतर की जा रही है। साथ ही आठ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्राओं के लिए आवासीय योजना और शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए भी कवायद की जा रही है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लखनऊ के 55 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में ड्रीम स्किल कैब क्लस्टर तैयार किया जा रहा है जहां पर छात्रों को परंपरागत के साथ व्यवसायिक और कौशल आधारित शिक्षा मिलेगी।

### एआरपी एसोसिएशन ने जताया आभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्रीचंद शर्मा से मिला और शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु आभार ज्ञापन सौंपा। साथ ही आगामी 22 फरवरी को लखनऊ में आयोजित शैक्षिक उन्नयन एवं चिन्तन बैठक हेतु आमंत्रित किया। उक्त संगठनात्मक बैठक में एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी, मंडल संयोजक एवं समस्त जनपदों के वरिष्ठ पदाधिकारी गण सम्मिलित होंगे। प्रतिनिधि मंडल में एसोसिएशन के संरक्षक सर्वेश शुक्ल, प्रदेश महामंत्री प्रवीण चौधरी, प्रदेश संगठन मंत्री शरद राय, प्रदेश प्रवक्ता संजय बाजपेयी, प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष सर्वेश कुमार गौतम तथा जिलाध्यक्ष लखनऊ हरिशंकर राठौर सम्मिलित रहे।

### लक्ष्मण सिंह क्लब बना चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए स्टेडियम में आयोजित बालक अंडर-14 त्रिकोणीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में लक्ष्मण सिंह क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। टीम ने ईडेन स्पोर्ट्स क्लब को छह विकेट से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए ईडेन स्पोर्ट्स क्लब ने निर्धारित 40 ओवर में 188 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लक्ष्मण सिंह क्लब की टीम ने संयम और आक्रामकता का संतुलित प्रदर्शन किया। टीम ने दो ओवर शेष रहते चार विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। लक्ष्मण सिंह क्लब के सत्यम सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच चुने गए।

# अब नया न पढ़ें, जो याद है उसे ही दोहराएं

## विज्ञान चेतना हेल्पलाइन : यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट परीक्षार्थियों को विषय विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

- दो घंटे में 130 से अधिक विद्यार्थियों ने किया फोन
- हाईस्कूल के लिए विज्ञान चेतना हेल्पलाइन आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** परीक्षा से पहले विषय में नया कुछ नहीं पढ़ें, जो पहले से याद है उसे दोहराएं और जो प्रश्न आसान लगे उसे पहले हल करें। डायग्राम, डाटा, सूत्र, उदाहरण लिखने वाले प्रश्नों को जरूर हल करें, इनमें सबसे अधिक नंबर मिलते हैं। ये टिप्स सोमवार को विज्ञान चेतना हेल्पलाइन में यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों को विशेषज्ञों ने दिए। हेल्पलाइन में घंटे में मंडल के जिलों से करीब 130 विद्यार्थियों ने फोन कर प्रश्नपत्र व परीक्षा से संबंधित आशंकाओं का समाधान किया। मंगलवार को हाईस्कूल विद्यार्थियों के लिए विज्ञान चेतना हेल्पलाइन का आयोजन किया जाएगा।

हेल्पलाइन का आरंभ संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार फोन पर विद्यार्थी से बात करके की। लखनऊ के अलावा सबसे अधिक फोन लखीमपुर खीरी जिले से आए। सीतापुर, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव के अलावा दूसरे मंडलों के झांसी, मुरादाबाद, कानपुर देहात व अन्य जिलों के कुछ विद्यार्थियों ने भी फोन किए। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी, समय प्रबंधन, उत्तर लेखन कौशल व मानसिक संतुलन बनाए रखने के संबंध में मार्गदर्शन दिया।



विज्ञान चेतना हेल्पलाइन में प्रश्नों का उत्तर देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

### रसायन विज्ञान

- पिछले 10 वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करें।
- अभिक्रियाओं का लिख कर नियमित अभ्यास करें।
- पाठ्यक्रम को अंकवार विभाजन के अनुसार तैयार करें।
- बुनियादी अवधारणा, परिभाषा व सूत्रों को लिख कर अभ्यास करें।
- रासायनिक समीकरणों को "क्या होता है जब" और "कैसे प्राप्त करेंगे" के आधार पर तैयार करें।

### भौतिक विज्ञान

- सूत्रों एवं मात्रकों को याद करें।
- सूत्र के निगमन को लिखकर अभ्यास करें।
- आंकिक प्रश्नों को स्टेप बाय स्टेप हल करें।
- किरण आरेख व परिपथ आरेख का अभ्यास करें।

### जीव विज्ञान

- जीव विज्ञान में चित्रों की अहम भूमिका होती है।
- विस्तृत उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर रेखा चित्र बनाकर याद करें।
- अंकों के आधार पर समय व शब्द सीमा को तय करें जिससे कोई प्रश्न ना छूटे।
- शेड्यूल बनाकर तैयारी करें सभी पाठ को बचे हुए समय के आधार पर बांट कर याद करे।
- 70 नंबर के प्रश्नपत्र में तीन इकाइयों पर ध्यान देकर आसानी से 46 अंक प्राप्त किये जा सकते हैं।

### अंग्रेजी

- प्रतिदिन लिखकर अभ्यास करें।
- महत्वपूर्ण बिंदुओं को हाईलाइट करें।
- लॉन्ग प्रश्नों के उत्तर पैराग्राफ में लिखें।
- अंकों के अनुसार उत्तर की लंबाई निर्धारित करें।
- प्रश्नों का उत्तर अपने शब्दों में निर्देशानुसार संक्षिप्त रूप से दें।

### गणित

- सरल प्रश्नों के उत्तर पहले दें।
- उत्तरों पर विचार करने के लिए कुछ समय लें।
- चरणबद्ध उत्तर दें, प्रत्येक चरण के अंक होते हैं।
- कैल्कुलस से सबसे अधिक अंक के प्रश्न पूछे जाते हैं।
- रिविजन के लिए कम से कम 15 से 20 मिनट का समय अवश्य रखें।
- कैलकुलस सहित मैट्रिक्स, डिटरमिनेंट, प्रोबेबिलिटी, लीनियर प्रोग्रामिंग की तैयारी से 65 प्रतिशत तक के अंक प्राप्त किए जा सकते है।

# वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों ने नहीं संभाला कार्यभार, प्राथमिकी की चेतावनी

- कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर हो सकती है जेल भेजने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ने यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 से जुड़ी ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर दो प्रवक्ताओं को अंतिम नोटिस जारी किया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि यदि 17 फरवरी को सुबह 10 बजे तक आवंटित परीक्षा केंद्रों पर बाह्य केंद्र व्यवस्थापक के रूप में कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया, तो संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्यालय आदेश के अनुसार राष्ट्रीय उद्योग आश्रम इंटर कॉलेज, चिनहट के प्रवक्ता वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय तथा नारी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की प्रवक्ता मिताली गैन को बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त किया गया था। 16 फरवरी की शाम तक दोनों ने अपने-अपने केंद्रों पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया।

नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार परीक्षा से संबंधित कर्तव्यों की जानबूझकर उपेक्षा करने पर अधिनियम की धारा-14 के तहत दो से सात वर्ष तक के कारावास और जुर्माने का प्रावधान है। अधिकारियों ने कहा कि बोर्ड परीक्षा की गोपनीयता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्पष्ट किया है कि समय सीमा के भीतर कार्यभार ग्रहण न करने पर संबंधित शिक्षकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं की होगी। नोटिस की प्रतिलिपि जिलाधिकारी, सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज तथा संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी भेजी गई है।

### हाईस्कूल परीक्षार्थियों के लिए हेल्पलाइन

- **अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी बोर्ड परीक्षा-2026 के परीक्षार्थियों के लिए आज विज्ञान चेतना हेल्पलाईन प्रारंभ होगी। जिसमें छात्र-छात्राएं विज्ञान के सभी विषयों समेत अंग्रेजी विषय में अच्छे अंक लाने के लिए फोन करके विशेषज्ञों से जानकारी ले सकते हैं। संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक मंडल डॉ. प्रदीप कुमार और मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार के निर्देशन में विशेषज्ञों की टीम बैठेगी। विद्यार्थी आज शाम 3:30 बजे से अपरान्ह 5:30 बजे तक 9415664679 नंबर पर कॉल करके अच्छे अंक प्राप्त करने की टिप्स प्राप्त कर सकते हैं।



अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट लीग में विजेता टीम ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

# राम आशीष के शानदार प्रदर्शन से सिक्योरिटी हंटर्स बनी विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ की देखरेख में आयोजित अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट लीग में सिक्योरिटी हंटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में हंटर्स ने इंजीनियरिंग डेयर डेविल्स को आठ विकेट से पराजित किया।

फाइनल मैच में इंजीनियरिंग डेयर डेविल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 85 रन बनाए। टीम की ओर से सचिन चौधरी ने 33 और अब्बुस खान ने 21 रन का योगदान दिया। सिक्योरिटी हंटर्स के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। विश्वास यादव ने दो जबकि रामआशीष यादव ने तीन विकेट लेकर विपक्षी टीम को कम स्कोर पर समेटने में अहम भूमिका निभाई।

86 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिक्योरिटी हंटर्स की शुरुआत सधी हुई रही। टीम ने 10.5 ओवर में मात्र दो विकेट के नुकसान पर 86 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। रामआशीष यादव ने 39 रन की प्रभावी पारी खेली, जबकि अखिलेश यादव ने 23 रन का योगदान दिया। इंजीनियरिंग डेयर डेविल्स की ओर से रोहित और रामदेव ने एक-एक विकेट हासिल किया। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए रामआशीष यादव को प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। अत्ताउल्ला खान को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और सिद्धांत सिंह को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेता और उपविजेता टीमों को अपर मंडल प्रबंधक नीतू (परिचालन) ने ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल रहा।

### कृतज्ञ की घातक गेंदबाजी से एनईआर फाइनल में

- **अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच कृतज्ञ कुमार सिंह की कसी हुई और घातक गेंदबाजी के दम पर एनईआर लखनऊ ने बीबीडी बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुकाबला जीसीआरजी ग्राउंड पर खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन की टीम एनईआर के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं सकी और 31.2 ओवर में 104 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से सम्यक त्रिवेदी ने सर्वाधिक 25 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में असफल रहे। एनईआर के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा, जिसमें कृतज्ञ कुमार सिंह की भूमिका निर्णायक रही।

### पांचवें टीएन बाजपेई स्मृति खेल सप्ताह का शुभारंभ, 24 टीमें खेलेंगी

**अमृत विचार, लखनऊ:** रेलवे स्टेडियम में सोमवार को पांचवें टीएन बाजपेई स्मृति खेल सप्ताह का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुनील कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर यूनियन अध्यक्ष सुधीर तिवारी, मंडल सचिव विभूति मिश्रा सहित कई पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में लखनऊ मंडल की 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनके बीच कुल 23 मैच खेले जाएंगे। प्रतिदिन चार मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 24 फरवरी को खेला जाएगा, जिसमें विजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा।

### एआई का करें विवेकपूर्ण उपयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने गूगल इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 'ए.आई. फॉर लर्निंग फोरम, इण्डिया' के पैनल डिस्कशन में अपने विचार रखते हुए कहा कि 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का यदि साक्ष्यों एवं नैतिकता के साथ विवेकपूर्ण उपयोग किया जाए तो यह छात्रों के समग्र विकास का प्रभावी माध्यम साबित हो सकता है'। प्रो. किंगडन ने 'बियोन्ड एडाप्शनः एन एविडेंस-बेस्ड अप्रोच टुवर्ड्स जेमिनी फॉर टीचिंग एंड लर्निंग' थीम पर बोलते हुए आगे कहा कि एआई में न केवल शैक्षणिक परिणामों को मजबूत करने की क्षमता है अपितु यह छात्रों के वैश्विक दृष्टिकोण, रचनात्मकता एवं चिंतन पद्धति पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

# यार्कर व आरईपीएल क्रूसेडर्स ने दर्ज की जीत

- 21वीं बाबू बनारसी दास ए डिवीजन लीग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 21वीं बाबू बनारसी दास ए डिवीजन लीग में सोमवार को खेले गए मुकाबलों में यार्कर क्रिकेट क्लब और आरईपीएल क्रूसेडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे अंक हासिल किए। क्रूसेडर्स ने यूपी टिंबर क्रिकेट क्लब को 12 रन से हराया, जबकि यार्कर क्रिकेट क्लब ने लाइफ केयर क्रिकेट क्लब को सात विकेट से शिकस्त दी।

डॉ. अखिलेश दास स्टेडियम में खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लाइफ केयर क्रिकेट क्लब की टीम 26.3 ओवर में 139 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और 58 रन के भीतर शीर्ष क्रम के पांच बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। यार्कर क्रिकेट क्लब की ओर से सार्थक दीक्षित, शिवम यादव, अक्षु बाजवा और जैनुद्दीन ने दो-दो विकेट लेकर विपक्षी टीम को बड़े स्कोर से दूर रखा। जवाब में यार्कर क्रिकेट क्लब ने 27.4 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। अमन सिंह चौहान ने नाबाद 40 रन की संयमित पारी खेली, जबकि कुशाग मिश्रा ने 33 रन का योगदान दिया।

वहीं स्पोर्ट्स गैलेक्सी बी ग्राउंड पर खेले गए दूसरे मुकाबले में आरईपीएल क्रूसेडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 242 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज अमोघ सिंह ने 60 रन बनाकर टीम को सशक्त शुरुआत दिलाई। मध्यक्रम में चौबे ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 81 गेंदों में 11 चौके और छह छक्कों की मदद से 129 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी टिंबर क्रिकेट क्लब की टीम 230 रन पर सिमट गई और क्रूसेडर्स ने 12 रन से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## सिटी डायरी


प्रतियोगिता के उद्घाटन पर खिलाड़ियों से मिलते विवेक शुक्ला।

### स्पोर्ट्स कॉलेज की तीनों टीमों की शानदार जीत

**अमृत विचार, लखनऊ।** पं. दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय बालक जूनियर हॉकी प्रतियोगिता के पहले दिन स्पोर्ट्स कॉलेज की तीनों टीमों और लखनऊ हॉस्टल ने जीत दर्ज की। मुकाबले गोमतीनगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के पद्मश्री मोहम्मद शाहिद हॉकी एस्ट्रो टर्फ पर खेले जा रहे हैं। मुख्य अतिथि विवेक शुक्ला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। पहले मैच में स्पोर्ट्स कॉलेज सी ने मोहम्मद शाहिद स्टेडियम टीम को 3-0 से हराया। दूसरे मुकाबले में स्पोर्ट्स कॉलेज बी ने बाबू सोसाइटी को 7-1 से मात दी। लखनऊ हॉस्टल ने वीर शिवाजी टीम को 3-0 से पराजित किया। साई लखनऊ के अनुपस्थित रहने पर स्पोर्ट्स कॉलेज को वॉकओवर मिला। फाइनल आज होगा।


कार्यक्रम में प्रो. यशवंत वीरोदय व छात्र-छात्राएं।

### संघर्ष से उगने वाला पौधा बनें छात्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग में एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का स्वागत समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन विभागाध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोदय ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीत, कविता, शायरी और नृत्य सहित अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर प्रो. वीरोदय ने कहा कि विद्यार्थियों को गमले का पौधा नहीं, बल्कि संघर्ष से उगने वाला पौधा बनना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन अनामिका व आयुषी ने किया। इस अवसर पर डॉ. रणजीत कुमार, डॉ. ज्योति गौतम, डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह सहित विभाग के कई शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।


टैबलेट प्राप्त करने वाले बाल वैज्ञानिक।

### छात्रों को मिला टैबलेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विज्ञान एवं नवाचार क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित ''टॉप-5'' मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट देकर उत्साहित किया गया। जिसमें पहला हादियाया नूर यूपीएस महीपतमऊ काकोरी, दूसरा सौम्या सिंह यूपीएस शीतल पुरवा बीकेटी, तीसरा सुहानी रावत यूपीएस लोनापुर चिनहट, चौथा मनीष पाल यूपीएस देव मोहनलालगंज जबकि पांचवा स्थान हर्षित रावत यूपीएस काकोरी को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण अवधेश शुक्ला, एसआरजी प्रीति सिंह, एआरपी चिनहट रीना गुप्ता, एआरपी काकोरी इस्मित कौर उपस्थित रहे।


आलमबाग कोतवाली में होली पर्व को लेकर कमेटी की बैठक में व्यापारी एवं नागरिक।

### धीमी आवाज में डीजे बजाने की अपील

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली को शांतिपूर्वक मनाने के लिए सोमवार को आलमबाग कोतवाली में बैठक हुई। थाना प्रभारी राम बाबू सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक रविंद्र भदौरिया, चौकी इंचार्ज व व्यापारी मौजूद रहे। यूपी बोर्ड और सीबीएसई परीक्षाओं के चलते डीजे व साउंड सिस्टम धीमी आवाज में चलाने की अपील की गई। असुविधा होने पर पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मनीष अरोड़ा सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

**प्रशिक्षण** — खस, तुलसी और औषधीय पौधों के बारे में दी जा रही जानकारी

# छपरा व सारण के किसानों ने सीखा कैसे करें आर्थिक खेती



प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बिहार के छपरा जिले के किसान। अमृत विचार

### उन्नत किस्मों के बारे में बताया

- किसानों को डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने खस की उन्नत कृषि क्रियाओं के बारे में बताया। तुलसी उत्पादन से कैसे लाभ अर्जित करें विषय पर डॉ. राम सुरेश शर्मा ने जानकारी दी। डॉ. रक्षपाल सिंह ने औषधीय एवं सगंध फसलों की उन्नत जैविक तकनीकी का प्रदर्शन किया।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सीएसआईआर सीमैप में बिहार राज्य के छपरा जिले के किसानों का प्रशिक्षण आरंभ किया गया है जिसमें उनको आर्थिक रुप से लाभ पहुंचाने वाले फसलों की जानकारी दी जा रही है। बिहार राज्य के सारण, छपरा के किसानों के लिए सीएसआईआर-सीमैप में औषधीय, सगंध पौधों की उन्नत खेती, प्रसंस्करण एवं विपणन विषय पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार के 24 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि किसानों को औषधीय एवं सगंध पौधों की खेती के साथ-साथ इनसे बनने वाले उत्पादों की तकनीकी को भी सिखाया जाये ताकि किसानों को सीधा लाभ प्राप्त हो।

कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में एरोमा मिशन के परियोजना समन्वयक एवं वैज्ञानिक-जी डॉ. संजय कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये कि सीएसआईआर-सीमैप पिछले 60 वर्षों से औषधीय एवं सगंध पौधों की खेती में किसानों को प्रोत्साहित कर रहा है। तकनीकी सत्र में डॉ. राम सुरेश शर्मा ने संस्थान द्वारा प्रदत्त सेवाओं व गतिविधियों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। दीपक कुमार वर्मा द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न सुविधाओं व प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया तथा औषधीय एवं सगंध पौधों की पहचान कराई गई।